आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 28.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कला और संस्कृति प्रेमियों से सार्वजनिक कला पर और अधिक काम करने का अनुरोध किया।
- प्रधानमंत्री ने लोगों से 15 अगस्त पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए कहा।
- टिहरी जिले में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। प्रभारी मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने अधिकारियों को दिए दिशा–निर्देश।
- पेरिस ओलिंपिक में भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कला और संस्कृति प्रेमियों से सार्वजनिक कला पर और अधिक काम करने का अनुरोध किया। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते श्री मोदी ने कपड़ों पर रंगों का जादू बिखरेने के लिए हरियाणा के रोहतक जिले की दो सौ पचास महिलाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि कई निजी कंपनियां भी एआई के माध्यम से हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा दे रही हैं।

मादक पदार्थों की समस्या की चुनौती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर परिवार चिंतित है कि उनका बच्चा मादक पदार्थों के व्यसन में पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने मानस नामक एक विशेष पहल की है, जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में एक कदम है। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से ओलम्पिक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से 15 अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने लोगों को 'hargarhtiranga.com' पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आज प्रदेश भर में सुना गया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण और सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में स्थानीय निवासियों के साथ कार्यक्रम को सुना। पत्रकारों से बातचीत में श्री जोशी ने लोगों से आगामी 15 अगस्त पर ''हर घर तिरंगा'' अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

टिहरी आपदा

टिहरी जिले में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में रखा गया है। जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आज आपदा प्रभावित क्षेत्र तोली और तिनगढ़ गांव का निरीक्षण कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आपदा प्रभावित राहत शिविर राजकीय इंटर कॉलेज विनकखाल में स्वास्थ्य, भोजन, बिजली, पानी, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों के प्रति संवेदनशील है और आपदा की इस घड़ी में प्रशासन पूरी तत्परता से प्रभावितों के लिए काम कर रही है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आपदा प्रभावित तिनगढ़ गांव का भूगर्भीय

सर्वेक्षण हो चुका है और गांव के विस्थापन के लिए भूमि चिह्नीकरण की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने बालगंगा और धर्म गंगा नदियों से प्रभावित बूढ़ाकेदार क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बहुउद्देशीय शिविर

चमोली जिले के सावरीसैंण सैकोट में आज बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय लोगों को विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी गयी। अपर जिला न्यायाधीश विनोद कुमार ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने कानूनी अधिकारों के बारे में पता होना आवश्यक है, ताकि कानून की जानकारी के अभाव में कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रह पाए। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण किया और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

वन्य जीव तस्कर

उत्तराखण्ड विशेष कार्य बल– एस.टी.एफ और स्थानीय पुलिस ने हरिद्वार में हाथी दांत के साथ तीन वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और एसटीएफ के संयुक्त अभियान में कल देर शाम हरिद्वार के श्यामपुर थाना क्षेत्र से वन्यजीव तस्करों के पास से सात किलो वजन का एक हाथी दांत बरामद किया गया। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर लंबे समय से वन्यजीव अंगों की तस्करी में लिप्त थे। गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ श्यामपुर थाने में वन्यजीव अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

मौसम

राजधानी देहरादून समेत प्रदेश के अन्य हिस्सों में आज दोपहर हल्की धूप खिली रही, जबकि अन्य स्थानों पर बादल छाए रहे। इस बीच, अगले पांच दिनों तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि एक अगस्त तक राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली और भारी बारिश होगी। बारिश की चेतावनी को देखते हुए सभी विभागों को आपदा की परिस्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन और भारी बारिश के कारण अवरुद्ध सड़कों को खोलने के प्रयास जारी हैं। विभाग ने चारधाम यात्रियों से मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही यात्रा करने की अपील की है।

पेरिस ओलिंपिक

पेरिस ओलिंपिक के दूसरे दिन भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। मनु भाकर निशानेबाजी में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला खिलाडी बन गई हैं। उन्होंने दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में दो सौ 21 दशमलव सात अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। निशानेबाजी में भारत को 12 साल बाद पदक मिला है। इससे पहले, रमिता जिंदल ने महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल्स के फाइनल में जगह बनाई। महिला तीरंदाजी में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और भजन कौर की तिकड़ी आज क्वार्टर फाइनल खेलेगी। बैडमिंटन में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने फातिमाथ को पहले दौर में 21–9, 21–6 से हरा दिया। पुरुष सिंगल्स में एच एस प्रणय आज ग्रुप चरण में जर्मनी के फैबियन रोथ के साथ खेलेंगे। मुक्केबाज निखत ज़रीन भी आज महिलाओं की 50 किलोग्राम स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

## क्रास कंट्री प्रतियोगिता

अल्मोड़ा जिले के रानीखेत स्थित नरसिंह मैदान में कुमाऊं रेजीमेंटल सेंटर की ओर से ओपन क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित की गई, जिसमें 4 सौ 50 से ज्यादा धावकों ने हिस्सा लिया। 10 किलोमीटर की इस दौड़ में सेना के जवानों, स्थानीय नागरिकों व स्कूली बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। क्रास कंट्री दौड़ में सिपाही अंशुल अवाना ने प्रथम, रायफल मैन कुलदीप सिंह ने दूसरा और अग्निवीर दीपक नारायण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।